# लैलूंगा के राजपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

## स्टॉल के माध्यम से विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी, पात्र हितग्राहियों को किया गया लाभांवित





**रायगढ़**

लैलूंगा विकासखंड के ग्राम-राजपुर में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 346 आवेदनों में से 339 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार शेष एवं आज आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है। शिविर में राजपुर सहित आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

विधायक लैलूंगा विद्यावती सिदार ने जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का निराकरण के लिए आज जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। आपकी जो भी समस्याएं है, उसे जिला प्रशासन के समक्ष रखे। शिविर के माध्यम से पूरा जिला प्रशासन और अधिकारी आपके गांव में पहुंचे है, ताकि आपके समस्याओं का निराकरण हो सके। सभी लगाए गए स्टॉल से योजनाओं की जानकारी ले तथा योजनाओं का लाभ उठाए।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले छह महीने से जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य की सुविधा के लिए जन समस्या निवारण शिविर के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जा रहा है, जहां पहले इस प्रकार के शिविर का आयोजन नहीं किया गया हैं। उन्होनें लोगों से कहा कि जन समस्या निवारण के प्रत्येक स्टॉल का विजिट कर विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ ले। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आगामी जन समस्या निवारण शिविर के लिए स्थल चुनाव हेतु सुझाव मांगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे स्थान का सुझाव दें जहां अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। शिविर का उद्देश्य ही ग्रामीणों की मांग एवं शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करना है। सीईओ जिला पंचायत कहा कि शिविर में मुख्यत: सड़क, पुलिया एवं निर्माण कार्य से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है, जिन्हें शासन को भेजने एवं स्वीकृति पश्चात कार्य प्रारंभ करवाया जाता है। इसी प्रकार आधार कार्ड में त्रुटि, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन, आवास से संबंधित कार्य को तत्काल अथवा 15 दिवस में किया जाएगा। राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने जैसे विभिन्न समस्याओं पर अगर स्वयं नहीं आ सकते तो कोई भी शिविर में आवदेन दे सकते है।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने कहा कि लैलूंगा में आयुष्मान एवं ई-केवाईसी में बेहतर स्थिति में है। शासन ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास विद्यालय प्रारंभ की है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। कक्षा 9 वीं से प्रवेश हेतु बच्चों को बेहतर तरीके से तैयारी करवाएं ताकि जिले के आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों के बच्चों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने शिक्षा विभाग को प्री-टेस्ट की बेहतर तैयारियां करने को कहा ताकि जिले के बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सिकल सेल की समस्या होगी वहां आवश्यकता अनुसार अलग से कैम्प लगा सकते है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए श्रम पंजीयन के लाभ की जानकारी देते हुए कहा कि श्रम विभाग में पंजीयन पश्चात गर्भवती महिलाओं को प्रसव पर आर्थिक सहायता के साथ ही उनके मेधावी बच्चों को 2 लाख तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया ताकि उन्हें शौचालय से लाभान्वित किया जा सकें।

इस अवसर पर डीडीसी यशोमती सिंह सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लखन सारथी, बीडीसी शांता भगत, सरपंच राजेश्वरी पैंकरा, रवि भगत, हदयराम राठिया, तिलक राठिया, पनत राम भगत, रमेश पाटनायक, दीपक सिदार, ठंडा राम बेहरा, ललित यादव, रमेश पटनायक, हरियर होता, परमेश्वर प्रधान, भास्कर बेहरा, रमेश होता, धर्मेन्द्र बेहरा, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, एसडीओपी सिद्धांत तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आधिकारी कर्मचारी उपास्थित रहे।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही -** राजपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत लैलूंगा अंतर्गत 10 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश की प्रति सौंपी गई। इसी तरह शिक्षा विभाग द्वारा 10 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण.पत्र एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, ब्रेलकिट, होमबेस्ट बैग प्रदाय किया गया। कृषि विभाग द्वारा 26 कृषकों को मिनीकिट बीज का वितरण किया गया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य पालक घटगांव के रोशन लकड़ा को जाल तथा प्रभुदास तिर्की को आईस बॉक्स दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाया गया एवं उद्यान विभाग द्वारा स्व-सहायता समूहों को फलदार पौधे वितरित किए गए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 11 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2घघ कंपोजिट) एवं विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ), समस्त विदेशी कम्पोजिटल मदिरा (एफ.एल.-1 घघ कम्पोजिट) दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार एवं समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.-3), शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.3 क) एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त शुष्क दिवस को मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसम्बर को

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी रायगढ़ अंतर्गत सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम में उपयोग आने वाली मशीन उपकरणों का रंगोली के माध्यम से विभिन्न आकार-प्रकार की डिजाईन बनाकर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के संबंध विचार एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा एवं 16 दिसम्बर 2024 को प्रशिक्षण के संबंध में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर चयन सह प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** स्वास्थ्य विभाग में रिक्त विभिन्न पदों पर भर्ती किए जाने हेतु अनंतिम मेरिट सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसके पश्चात समस्त पदों की पदवार पृथक-पृथक केवल पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट सूची/संशोधित मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल में चस्पा किया गया है एवं जिले के वेबसाईट में अपलोड की गई है। उक्त जारी अंतिम मेरिट सूची/संशोधित अंतिम मेरिट सूची के आधार पर चयन सह प्रतीक्षा सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ में चस्पा किया गया है एवं जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर अपलोड किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु उक्त वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है।

### थाना कोतवाली के एएसआई इगेश्वर यादव और दिलीप बेहरा बने एसआई, पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

**रायगढ़।** पुलिस मुख्यालय नया रायपुर, अटल नगर द्वारा 10 दिसंबर को जारी पदोन्नति सूची में रायगढ़ जिले के थाना कोतवाली में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) इगेश्वर राम यादव और दिलीप कुमार बेहरा को उप निरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नति दी गई है। इस सूची में कुल 7 सहायक उप निरीक्षकों के नाम शामिल हैं। सुबह पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर नए स्टार लगाकर उन्हें उप निरीक्षक पद का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर एसपी ने दोनों अधिकारियों को पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क और ईमानदार रहने का निर्देश दिया।

# मकान के शयनकक्ष में छुपाकर रखे गांजा को आबकारी विभाग ने किया जब्त

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं प्र.सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में अवैध शराब एवं मादक पदार्थो पर कड़ी कार्यवाही करते हुए आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सहायक जिला आबकारी अधिकारी विमल तिर्की के मार्गदर्शन में स्टॉफ द्वारा सघन गस्त कर कार्यवाही की जा रही है। जिसमें वृत्त रायगढ़ (उत्तर) में जितेश नायक एवं सुश्री रागिनी नायक,आबकारी उप निरीक्षकों ने वार्ड क्रमांक 05, सांगीतराई, रायगढ़ में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 20(बी) 2(बी) तहत् 1.026 किलोग्राम गांजा आरोपी भगतदास महंत उम्र-45 वर्ष, साकिन-सांगीतराई, थाना-जूटमिल के रिहायशी मकान के शयनकक्ष से जप्त कर आरोपी को रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया। रायगढ़ जिले में आबकारी अमला द्वारा सघन गस्त किया जाकर एवं आबकारी से संबंधित अपराधों पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है। आबकारी जॉच चौकियों में भी वाहनों की जॉच निगरानी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक याजेन्द्र मेहर, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, लोकेश नेताम एवं कुलदीप ठाकुर की भूमिका रही।

# पीएम फसल बीमा: कृषक 31 दिसम्बर करा सकते फसलों का बीमा

**❐ योजना के संबंध में जानकारी के लिए नि:शुल्क सहायता सेवा नंबर 18004190344 एवं 14447 पर कर सकते है संपर्क**

**रायगढ़**



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में ग्राम स्तर पर गेहूं सिंचित एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल स्तर पर राई-सरसों फसल अधिसूचित किया गया। गेहूँ सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 35 हजार रुपये है व प्रति हेक्टेयर कृषक प्रीमियम 525 रूपये तथा राई-सरसों फसल के लिए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि 22 हजार रुपये है, वहीं प्रति हेक्टेयर किसान प्रीमियम राशि 330 रूपये है जो कि 1.5 प्रतिशत है।

जिले के ऋणी किसान 31 दिसम्बर 2024 के पहले निकटतम बैंक शाखा/समिति, सीएससी डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल(एनसीआईपी) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र(बी 1, पी 2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर खाता संख्या/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो। फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र शामिल है। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र संबंधित मौसम के लिए पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों नामांकन के लिए तय की गई तिथि रबी 2024 के लिए 31 दिसम्बर 2024 से कम से कम 7 दिन पूर्व संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। जिले के किसान योजना के संबंध में जानकारी के लिए नि:शुल्क सहायता सेवा नंबर 18004190344 एवं 14447 पर संपर्क कर सकते है।

# शातिर बदमाश बंटी साहू गिरफ्तार, लूट और मारपीट के तीन मामलों में पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने मुखबीर सूचना पर कार्यवाही करते हुए लूटपाट मामलों में फरार शातिर बदमाश बंटी साहू उर्फ रावण (38 वर्ष) को कल कबीर चौक पर दबोच लिया। बंटी पर मारपीट, लूटपाट और ठगी के तीन नये मामलों में एफआईआर दर्ज थी। वह रायपुर और दुर्ग में छिपकर लगातार लोकेशन बदल रहा था। रायगढ़ लौटते ही पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर कल उसे गिरफ्तार कर लिया।

इन तीन मामलों में थी तलाश-

1. रोमेश साहू से मारपीट और लूटपाट का मामला (जूटमिल-अपराध क्रमांक 497/2024 धारा 127(2), 296,309(4), 351(2) बीएनएस):

बंटी साहू और उसके 11 साथियों ने रमेश साहू को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की थी। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई।

2. सागर साहू, मालीडीपा से गणेश विसर्जन दौरान लूट, मारपीट (जूटमिल-498/2024 धारा 127(2), 296,309(4), 351(2) बीएनएस):

बंटी और उसके साथियों ने सागर साहू से मारपीट और लूटपाट की।

3. महिला कंचनबाई, आईटीआई कालोनी (चक्रधरनगर-561/2024 धारा 296, 351(2), 115(2),127(2),140(3), 309(6),309(4),3(5) बीएनएस):

महिला ने उसके बेटे मोहन बोहिदार के साथ बंटी और उसके 02 साथियों पर लूटपाट और मारपीट का मामला दर्ज कराया।

इन तीनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज के दूसरे ही दिन 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, बंटी साहू फरार था।

जिला बदर और निगरानी बदमाश बंटी का लंबा आपराधिक इतिहास :

- बंटी साहू पर थाना जूटमिल में 2007 से ठगी, मारपीट और लूटपाट के 28 अपराधिक मामले और 08 प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं।

- जिला बदर: जून 2023 में बंटी पर एक साल के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई थी।

- जिला बदर अवधि समाप्त होने के बाद वह रायगढ़ लौटकर अपराध करने लगा।

पुलिस की कार्यवाही :

डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में थाना चक्रधरनगर, जूटमिल पुलिस और साइबर सेल की टीम बंटी साहू की लोकेशन पर नजर रखे हुए थी।

- बंटी साहू रायगढ़ में अपने घर के सीसीटीवी डीवीआर का डेटा डिलीट करने आया था।

- पुलिस ने उसे घेराबंदी कर कबीर चौक पर गिरफ्तार किया।

- आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है।

पुनः जिला बदर की तैयारी :

बंटी साहू के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने जिला बदर की फाइल तैयार करने और उसकी आपराधिक गतिविधियों में शामिल अन्य लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

टीम की भूमिका :

इस कार्रवाई में डीएसपी अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ साइबर सेल की पूरी टीम और जूटमिल स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई। रायगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# धान खरीदी केंद्रों में ऑपरेटर्स के हड़ताल में जाने की स्थिति में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के लिए की गई है ऑपरेटर्स की वैकल्पिक व्यवस्था: खाद्य अधिकारी

**❐ उपार्जन केंद्रों में सुचारू रूप से जारी रहेगी धान खरीदी**

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों द्वारा अपनी मांगो को लेकर हड़ताल में जाने का ज्ञापन सौपा गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह ने बताया कि रायगढ़ जिले में हड़ताल संबंधी कोई भी ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है, यद्यपि हड़ताल की स्थिति में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में सभी उपार्जन केन्द्रों के लिए कम्प्यूटर आपरेटरों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। ताकि जिले के पंजीकृत कृषकों के नियत तिथि में जारी टोकन से धान खरीदी करनें में कोई भी समस्या उत्पन्न ना होए तथा आगामी आदेश तक जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप की जावेगी।

# विद्यार्थियों में उद्यमिता मानसिकता विकसित करने हेतु सक्षम रायगढ़ कार्यक्रम प्रारंभ

**❐ जिले के 50 हाई/हायर सेकेंडरी विद्यालयों को इस कार्यक्रम हेतु किया गया चयनित**

**रायगढ़**




राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर तथा स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के संयुक्त प्रयास से रायगढ़ जिले के चयनित 50 हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों में स्वयं के आइडिया को एक सार्थक रूप देने के उद्देश्य से सक्षम कार्यक्रम के द्वारा उद्यमिता मानसिकता कार्यक्रम रायगढ़ जिला मुख्यालय के क्षेत्रीय पंचायत सचिव प्रशिक्षण केंद्र में रायगढ़ में चयनित 50 विद्यालयों के प्राचार्य की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा 50 विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं गर्मी के दिनों में विद्यार्थियों को अध्यापन करने वाले व्याख्याताओं का दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ की गई।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम 14 दिसंबर 2024 तक क्षेत्रीय पंचायत सचिव प्रशिक्षण केंद्र रायगढ़ में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीपीओ आलोक स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से अध्यनरत विद्यार्थियों की मानसिकता में यह परिवर्तन करना कि उनकी छोटी सी आइडिया भी किस तरह एक बड़ा उद्यम का रूप ले सकती है तथा भविष्य में एक क्रांति ला सकती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्राचार्य एवं व्याख्याता को प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक प्रशिक्षण विभिन्न गतिविधियों के माध्यम प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। प्रशिक्षण में व्याख्याता को यह महसूस कराया गया कि वे विद्यालय में एक विद्यार्थी के रूप में अपने शिक्षकों एवं विद्यालयों से क्या अपेक्षा करते हैं, जो उनके स्वयं के आइडिया को मूर्त रूप प्रदान करने में बच्चों को किस प्रकार सहयोग प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया की कक्षा नवमी के विद्यार्थियों की सोच को हम सुरक्षित रूप में कैसे एक सकारात्मक दिशा दे सकते हैं तथा कक्षा ग्यारहवीं के आते तक उस आइडिया को विकसित करने के लिए एक सीड मनी के माध्यम से कैसे उसे एक उद्यम का रूप देने में सहायक बन सकते हैं। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए प्रथम दिवस में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के व्ही राव ने नई शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि किस तरीके से 21वीं सदी में शिक्षा नए रूप में परिवर्तित हो रहा है तथा बच्चों को स्वावलंबी बनाने के लिए नई शिक्षा नीति में किस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। जिला मिशन समन्वय नरेंद्र चौधरी ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसे शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों में पालन करने के निर्देश दिए।

इस प्रशिक्षण के बाद उद्यम लर्निंग फाउंडेशन की एक टीम रायगढ़ में नियमित रूप से रहकर चयनित विद्यालयों में इसके क्रियान्वयन पर सतत नजर रखते हुए उनके द्वारा किए जा रहे गतिविधियों को मार्गदर्शन देगी तथा बच्चों के आइडिया को प्रोत्साहित करते हुए उसे शिक्षा से जोड़ते हुए एक मूर्त रूप प्रदान करेगी। 11 एवं 12 दिसंबर को रायगढ़, घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंड के 50 प्राचार्य एवं रायगढ़ विकासखंड के 30 विद्यालय के व्याख्याता को यह प्रशिक्षण दिया गया तथा 13 एवं 14 दिसंबर को घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंड के बीस विद्यालयों के कक्षा नवमी एवं 11वीं अध्यापन करने वाले व्याख्याता को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 4 दिवसीय इस प्रशिक्षण में उद्यम लर्निंग फाउंडेशन की टीम के 10 ट्रेनर द्वारा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लर्निंग फाउंडेशन से मंजू गर्ग, सचिन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्यो और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिये उनकी टीम के से अदिति, कुंदन, सौम्या, उदय, प्रियंका, प्रियंक, विनय एवं योगिता के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार एवं प्रभावशाली ढंग से प्रशिक्षण कराया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480